**जुआ फड़** — बुढ़ार में 'सफेदपोश' संरक्षण, पुलिस लाचार!

# भाजपा विधायक के फार्म हाउस में सज रही 52 पत्तों की महफिल

**प्रदीप शर्मा**

**नवभारत, बुढ़ार।** जब सत्ता की छत्रछाया में जुए और सट्टे का अवैध नेटवर्क फल-फूल रहा हो, तो आम जनता की फ़रियाद सुनने वाला कोई नहीं है। बुढ़ार और आसपास के इलाकों में इन दिनों 'हाई-टेक' जुए का काला कारोबार खुलेआम पैर पसार चुका है।

भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय विधायक जय सिंह मरावी और भाजपा नेता कैलाश विशनानी के फार्म हाउस पर रोज़ शाम ढलते ही शराबी और जुआरियों की बड़ी महफ़िल सज रही है। सत्ता और प्रशासनिक संरक्षण के बूते चल रहे इस सिंडिकेट में रोज़ करोड़ों के दांव लग रहे हैं। इस अवैध खेल ने कई परिवारों को रातों-रात रोडपति बना दिया है, तो वहीं कुछ रसूखदार लखपति बन रहे हैं।



### देशभक्ति और जनसेवा' का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस नतमस्तक

सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दावा करने वाली पुलिस इन रसूखदारों के आगे पूरी तरह लाचार और नतमस्तक नज़र आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस महकमा सब जानते हुए भी कार्रवाई करने से कतराता है। यदि कोई निष्पक्ष पुलिस अधिकारी इन पर शिकंजा कसने की हिम्मत जुटाता भी है, तो सत्ता के रसूख का इस्तेमाल कर या तो उसका तत्काल तबादला करा दिया जाता है, या फिर राजनीतिक दबाव बनाकर उसे शांत रहने की हिदायत दे दी जाती है।

### चुनाव चंदे और काली कमाई का बड़ा जरिया

यह सिंडिकेट बेहद योजनाबद्ध और हाई-प्रोफाइल तरीके से संचालित हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, सफेदपोश की आड़ में जारी इस काले धंधे से न केवल मोटी रकम कमाई जा रही है, बल्कि आगामी चुनावों के लिए भारी-भरकम चंदा भी जुटाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता का यह गठजोड़ पूरे ज़िले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि विकास कार्यों में ध्यान लगाने के बजाय जुआ, सट्टा और अवैध शराब जैसे अपराधों को संरक्षण देने में व्यस्त हैं।

**इनका कहना है**

इस संबंध में जब बुढार थाना प्रभारी से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा कहा गया कि मामले की जाँच करवाई जाएगी व अगर इस तरह का कोई अवैध कार्य चल रहा है तो उसे पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**संजय जयसवाल थाना प्रभारी बुढ़ार**

**बड़ा सवाल : क्या सत्ता का मतलब सिर्फ़ अवैध कारोबार**

जनता के बीच अब यह आक्रोश पनप रहा है कि क्या सत्ता का असली मतलब सिर्फ़ जुआ, सट्टा और अवैध शराब के व्यापार को बढ़ावा देना ही रह गया है? 'देशभक्ति और जनसेवा' का नारा देने वाली पुलिस इन भ्रष्ट नेताओं के सामने आखिर कब तक सरेंडर रहेगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ज़िला प्रशासन और शासन के उच्च अधिकारी इन रसूखदार भाजपा नेताओं पर शिकंजा कसने का साहस दिखाएंगे, या सत्ता के इस नंगे नाच को यूं ही अनदेखा किया जाता रहेगा।

# राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में सड़कों पर उतरी कांग्रेस




**ब्यौहारी में गूंजे विरोध के नारे हल्द्वानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन**

**नवभारत, ब्यौहारी।** हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद कथित शुद्धिकरण और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज स्नद्धक्र को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को ब्यौहारी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और पैदल मार्च निकालते हुए भाजपा-आरएसएस की कथित दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी के अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी 'पिंटू' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय रेस्ट हाउस से पैदल मार्च करते हुए निकले। हाथों में कांग्रेस के झंडे और जुबां पर विरोध के नारों के साथ कार्यकर्ता मुख्य मार्ग से होते हुए थाना ब्यौहारी के सामने पहुंचे।

### थाने के सामने गरजे कांग्रेसी

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ भेदभाव अथवा अपमानजनक व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने हल्द्वानी में कथित शुद्धिकरण की घटना को लेकर भी सवाल उठाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### भाजपा-आरएसएस पर लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की कथित दलित विरोधी मानसिकता समय-समय पर सामने आती रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय, संविधान और समानता की आवाज मजबूती से उठाते रहे हैं और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है।

**बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता**

विरोध प्रदर्शन में विनोद ताम्रकार, लक्ष्मीकांत तिवारी, पुष्पेंद्र परौहा, हरिशंकर कोरी, विनोद कुशवाहा, हरि सिंह, पुष्पेंद्र पटेल, श्रीकांत पांडे, जयलाल कोल, बसंत साहू, विक्रम कोल, महेंद्र कुमार, प्रियदर्शी तिवारी, रवि सोनी, आशुतोष पटेल, रमेश शर्मा, अरुण गुप्ता, विक्रम सिंह, आदित्य देव सिंह, अनुराग तिवारी, अजय सिंह मरावी, गीता कोल, अभिषेक सिंह, राजकुमारी खैरवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एक नजर में**

### मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत आवेदन 22 सितम्बर तक

**नवभारत, शहडोल।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शहडोल ने जानकारी दी है कि मॉ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत 9 सितम्बर से 22 सितम्बर 2026 तक इच्छुक पात्र युवक-युवतियां आवेदन कर सकती है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र पोर्टल पर डाउनलोड कर सकते है अथवा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय शहडोल (स्टेडियम के पास) संपर्क कर सकते है। मॉ तुझे प्रमाण योजना के लाभ हेतु एनसीसी, एनएसएस, खिलाडी, मेधावी छात्र, स्काउड गाउड से संबंध होना अनिवार्य एवं 25 वर्ष से अधिक आयु न हो। राष्ट्रवाद की भावना से ओत प्रोत माँ तुझे प्रणाम योजना म.प्र. शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय कराये जाने हेतु अनुभव यात्रा कराई जाएगी।

### प्रेम दयाल भार्गव का निधन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवभारत, शहडोल।** मध्य-प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अवनीश भार्गव के पिताजी प्रेम दयाल भार्गव का निधन 2 सितंबर को उनके गृहग्राम दिल्लौद में हुआ। उनके निधन पर भर्गो परिवार के लिए यह बहुत बड़ी क्षति है। कांग्रेस सेवा दल के परिवार ने प्रेम दयाल को श्रद्धांजलि दी। जिसमें सूरज पयासी प्रदेश सचिव मध्य-प्रदेश कांग्रेस सेवादल राजेश मिश्रा, ब्लॉकअधक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर निलेशगुप्ता, कांग्रेस सेवा दल शहडोल पूर्व जिला उपाध्यक्ष जीवन कुशवाह, रामसरोवर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल, सुरेंद्रसिंह मूलचंद, प्रजापति एडवोकेट विनयपयासी राम निहोरराव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जय सिंह नगर ओपी शुक्ला, पंकजराव मोहन मिश्र,। विद्याधर राठौर, अनिल नामदेव आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# मरीजों को बेहतर इलाज मिले, व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं






**क्षेत्रीय संचालक डॉ. जीएस परिहार ने सीएचसी गोहपारू का किया निरीक्षण**

**नवभारत, शहडोल।** शहडोल एवं रीवा संभाग के क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. जी.एस. परिहार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।अस्पताल परिसर एवं वार्डों में नियमित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश

क्षेत्रीय संचालक ने अस्पताल में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। डॉ. परिहार ने स्वास्थ्य केंद्र में एनीमिया की जांच नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों को देखते हुए आवश्यक दवाओं एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी से पोषण का संदेश



**राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ, कुपोषित बच्चों की पहचान से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक चलेगा विशेष अभियान**

**नवभारत, शहडोल।** जिले में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का आयोजन 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सोहागपुर में पोषण माह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पोषण, बाल स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और मातृ स्वास्थ्य को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि एक माह तक चलने वाले अभियान के दौरान स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के उपयोग, पर्याप्त प्रोटीन, आहार विविधता तथा बच्चों के समुचित पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पहले 1000 दिनों में पोषण पर जोर

पोषण पुनर्वास केंद्र से उपचार के बाद घर लौटे बच्चों की भी नियमित निगरानी की जाएगी। 6 से 60 माह आयु के गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चों की भूख की जांच कर आवश्यकता होने पर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाएगा। अभियान के दौरान गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों तक पर्याप्त पोषण, स्तनपान, शिशु देखभाल एवं संवेदनशील पालन-पोषण को लेकर अभिभावकों को विशेष परामर्श दिया जाएगा।

**11 सितंबर से बच्चों का होगा शारीरिक माप**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 11 सितंबर से शारीरिक माप दिवस आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊंचाई सहित आवश्यक शारीरिक माप लेकर उसकी जानकारी पोषण ट्रैकर में दर्ज की जाएगी। गंभीर तीव्र कुपोषित, मध्यम तीव्र कुपोषित तथा गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

# धान-मोटा अनाज बेचने किसानों को कराना होगा पंजीयन

**10 अक्टूबर तक चलेगा पंजीयन अभियान**

**नवभारत, शहडोल।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज ज्वार-बाजरा के उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से शुरू होगी। शासन के निर्देशानुसार इच्छुक किसान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। किसानों को सुविधा देने के लिए इस वर्ष पंजीयन के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उन्हें किसी एक केंद्र पर निर्भर न रहना पड़े। भू-स्वामी किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन मोबाइल एप, ई-उपार्जन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र तथा प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्थाओं के माध्यम से पंजीयन करा सकेंगे। वहीं सिकमी, बटाईदार, कोटवार, वनपट्टाधारी एवं प्रमाण-पत्रधारी किसानों का पंजीयन केवल संबंधित समिति स्तर पर किया जाएगा।

### आधार सत्यापन के बाद दर्ज होगी जानकारी


पंजीयन के दौरान किसान को सही आधार नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी के माध्यम से आधार सत्यापन के बाद यूआईडीएआई से किसान की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर प्राप्त होगी। किसानों को आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर, ऋण पुस्तिका सहित आवश्यक दस्तावेज साथ रखने होंगे। बैंक खाते की सही जानकारी के लिए पासबुक की छायाप्रति भी प्रस्तुत की जा सकेगी।

**विक्रय की तीन संभावित तिथियां भी देनी होंगी**

पंजीयन के समय किसानों से उपज बेचने की संभावित तीन तिथियां भी दर्ज कराई जाएंगी। उपज का भुगतान जेआईटी के माध्यम से सीधे किसान के बैंक खाते में किया जाएगा। जनधन, ऋण, नाबालिग, बंद अथवा पिछले छह माह से निष्क्रिय बैंक खाते पंजीयन के लिए मान्य नहीं होंगे।पंजीयन के दौरान किसान की भूमि के खसरा, रकबा एवं बोई गई फसल की जानकारी एग्रीस्टेक डेटाबेस से प्राप्त की जाएगी। किसानों को अपनी बोई गई फसल का खसरेवार विवरण पंजीयन आवेदन में दर्ज कराना होगा।

# हीरालाल कचेर का निधन, नगर में शोक की लहर

**नवभारत, धनपुरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 17 निवासी बृजेश कचेर के पिता एवं सेवानिवृत्त कालरी कर्मचारी हीरालाल कचेर का 91 वर्ष की आयु में विगत दिनों दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हीरालाल कचेर लंबे समय तक कालरी सेवा से जुड़े रहे और सेवानिवृत्ति के बाद धनपुरी में निवास कर रहे थे। उनके सरल एवं सहज स्वभाव के कारण क्षेत्र में उनका लोगों से आत्मीय संबंध रहा। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बंगवार रोड स्थित श्मशान घाट में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।



हीरालाल कचेर के निधन पर वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, पंडित विनोद शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, राकेश तिवारी, सदन कपूर, मोहम्मद इशहाक, सुरेश पाल, राजेंद्र दुबे, सुभाष गुप्ता, जवाहर जसवानी, राकेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा, हेमंत सोनी, विक्की नामदेव, मनोज जैन, अनिल जायसवाल, बबलू जायसवाल, आलोक राय, दीपक राय, शोभाराम पटेल, दौलत मनवानी, अनिल यादव, अरविंद सिंह, जगदीश सेन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्र, समाज और साहित्य जगत ने खोया मार्गदर्शक

**नवभारत, शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के पूर्व संगठन महामंत्री एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक अध्यक्ष पूज्य बाबूजी जगदीश मित्तल के निधन से साहित्य, समाजसेवा और राष्ट्रवादी विचारधारा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उनका देहावसान 3 सितंबर 2026 को हुआ।

उनके निधन से देशभर के साहित्यकारों, कवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। बाबूजी जगदीश मित्तल ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे तथा भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में संगठन महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया। वे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के महासचिव के साथ-साथ अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा संस्थाओं में ट्रस्टी और मार्गदर्शक की भूमिका में भी सक्रिय रहे।



### साहित्यकार, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता रहेंगे मौजूद

बाबूजी जगदीश मित्तल की पावन स्मृति में राष्ट्रीय कवि संगम, शहडोल इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा आज गुरुवार को शाम 6 बजे, राष्ट्रीय कवि संगम शहडोल की अध्यक्ष अंजू सिंह बघेल के निवास, बाणगंगा के पास, शहडोल में आयोजित होगी। श्रद्धांजलि सभा में जिले के साहित्यकार, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर बाबूजी जगदीश मित्तल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करेंगे तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# बेटियों का दमदार प्रदर्शन, प्रदेश में गूंजा जिले का नाम



**महू में इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट में बनीं उपविजेता**

**नवभारत, शहडोल।** इंदौर जिले के महू में आयोजित ओपन इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट में शहडोल की बेटियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है।

पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देने वाली शहडोल की टीम ने उपविजेता (रनर्स-अप) का खिताब अपने नाम किया। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 8 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। फाइनल मुकाबले में शहडोल की टीम का सामना मजबूत इंदौर टीम से हुआ। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शहडोल की खिलाड़ियों ने अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए इंदौर को कड़ी चुनौती दी, लेकिन मुकाबला महज एक गोल के अंतर से गंवाना पड़ा। हालांकि खिताब से चूकने के बावजूद शहडोल की बेटियों ने अपने खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

**8 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन**

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयनित 8 खिलाड़ी अब 10 से 22 सितंबर तक महू में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के कोचिंग कैंप में हिस्सा लेंगी। इसके बाद ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 24 सितंबर से 3 अक्टूबर 2026 तक नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में भाग लेंगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम के लिए चयन की प्रक्रिया होगी।

**संक्रमण** — बीमारी के बाद जागा प्रशासन, ग्रामीणों को सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने पर जोर

# संक्रमण के बाद चार हैंडपंपों का पानी कराया शुद्ध

**नवभारत, शहडोल।** जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत बमुरा अंतर्गत बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम कुर्रीटोला में करीब 30 ग्रामीणों के संक्रामक बीमारी की चपेट में आने के बाद प्रशासन ने पेयजल व्यवस्था को लेकर निगरानी बढ़ा दी है। विशेष मेगा ड्राइव के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे पेयजल स्रोतों की जांच की।

जांच के उपरांत चार हैंडपंपों के पानी का क्लोरीनेशन कराया गया। विभागीय टीम ने जल स्रोतों से पानी के नमूने लेकर उनकी स्थिति का परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार जल स्रोतों को क्लोरीनयुक्त कराया। प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना तथा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की आशंका को कम करना है।



### 30 ग्रामीण संक्रामक बीमारी से प्रभावित

गौरतलब है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में संचालित विशेष मेगा ड्राइव के दौरान कुर्रीटोला क्षेत्र का सर्वे किया गया था। इस दौरान लगभग 30 ग्रामीणों के संक्रामक बीमारी से प्रभावित होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सालय के माध्यम से उपचार उपलब्ध कराया गया।

**स्वच्छ पानी से संक्रमण रोकने की कवायद**

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल स्रोतों की नियमित जांच और शुद्ध पानी की उपलब्धता से बीमारी के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने भी जल स्रोतों की स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं।बताया गया कि स्केबीज एक संक्रामक त्वचा रोग है, जिसमें तेज खुजली के साथ शरीर पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से यह बीमारी दूसरे लोगों तक आसानी से पहुंच सकती है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर संक्रमण बढ़ने की आशंका रहती है। विशेषज्ञों के अनुसार बीमारी से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, साफ कपड़ों का उपयोग करना और संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क से बचना जरूरी है।

# माटी से गढ़े गणेश, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अमझोर में माटी गणेश-सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, प्रतिभागियों ने सीखा प्रतिमा निर्माण**

**नवभारत, शहडोल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जिला शहडोल के समन्वयक विवेक पांडेय के निर्देशन तथा विकासखंड समन्वयक ऋत्विकदास मिश्रा के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक-02 अमझोर में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी, नवांकुर सखी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शीला तिवारी ने माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिट्टी से गणेश प्रतिमा तैयार करना पर्यावरण एवं जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का पूजन करने और विसर्जन से जल स्रोतों की शुद्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक प्रतिमा निर्माण की संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलेगा।



**प्रतिभागियों ने सीखी मिट्टी से प्रतिमा बनाने की कला**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से पवन तिवारी एवं शिव कुमार तिवारी ने प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर प्रतिभागियों को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार करने की विधि बताई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने स्वयं मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया।प्रतिमा निर्माण के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया गया। पूजन कार्यक्रम में शिव कुमार तिवारी, प्रस्फुटन समिति अमझोर के अध्यक्ष राजेंद्र पाठक एवं पवन तिवारी ने सहभागिता की।